# SPTTC TIMES

Spttc Times /Newsletter/ Jan. to May.2023 / Vol. -04

# NEWS LETTER

## WELCOME TO OUR NEWS LETTER




### Advisory Board

Shree Umacharan Singh
(Chairman)
SPTTC, Birsinghpur

Mr. Avinash Kumar
Secretary
SPTTC, Birsinghpur

Shree Maheshwar Thakur
Member OF IQAC

Shree Amitabh Kumar
Secretary PNET

Dr. Roli Dwivedi
Principal

### Editorial Team

Mr. Surendra Prasad Chaudhary
Coordinator
S.M.Tahseen.Alam Quadri
Co-coordinator
Ms. Arpana Kumari
Member
Mr. Aditya Prakash
Member
Ms. Sweta Kumari
Member
Mr. Hasan Abad
Member
Mr. Suraj Kumar
Member


**In This Issue**

- Campus Buzz
- Student Buzz


**Editorial Office**

**St. Paul Teachers' Training College Birsinghpur, Samastipur**

(Under Aegis of Parmeshwar Neeta Education Trust) Recognized by NCTE, Bhubaneshwar

Affiliated to L.N.Mithila University, Darbhanga (B.Ed.) & Bihar School Examination Board Patna (D.El.Ed.)

At- Jhahuri, Post-Birsinghpur, Block- Kalyanpur, District – Samastipur, Pin Code – 848102, Tel: 06274-294029

Email: sptttcbirsinghpur@gmail.com Website: https://sptttcbir.org

## खेल सत्र







संत पॉल टीचस ट्रेनिंग कॉलेज में दिनांक 03 .01. 2023 से 07. 01. 2023 तक खेल सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें कैरम बोर्ड, बैडमिंटन, क्रिकेट आदि खेल प्रतियोगिता कराई गई। खेल कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर होली द्विवेदी एवं खेल प्राध्यापक पार्थ घोष नें संयुक्त रूप से किया। खेल सत्र में सर्वप्रथम प्रशिक्षकों के बीच कैरम खेल प्रतियोगिता कराई गई जिसमें अलका कुमारी, अंशु कुमारी, मनीष कुमार, संत शरण यादव, अजय कुमार, शुभम कुमार, रीतेश कुमार, कुंदन कुमार, आलोक कुमार ने भाग लिया तत्पश्चात कैरम खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आलोक कुमार एवं वित्तीय स्थान अंशु कुमारी, ने ग्रहण किया। इसके बाद शतरंज खेल प्रतियोगिता कराई गई जिसमें संत शरण एवं आलोक कुमार के बीच दिलचश्प मुकाबला देखने को मिला अतः आलोक कुमार ने बाजी मारी। बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में गुड़िया कुमारी, राजलक्ष्मी कुमारी, सपना कुमारी, अनुपम कुमारी, अलका कुमारी, शालिनी कुमारी, शुभम कुमार, संत शरण यादव आदि ने भाग लिया जिसमें गुड़िया कुमारी 18 – 20 से विजई हुई। अंत में क्रिकेट मैच खेल सैदपुर एवं कल्याणपुर की टीम ने विधिवत रूप से भाग लिया जिसमें कल्याणपुर की टीम को विजई घोषित की गई इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रोली द्विवेदी खेल प्राध्यापक पर्था घोष, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, चंद्रकांत माली, सुरेंद्र प्रसाद चौधरी, नरेंद्र कुमार आदि ने खेल प्रतियोगी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया।




## स्वामी विवेकानन्द जयंति




संत पॉल टीचस ट्रेनिंग कॉलेज में दिनांक 12–01–2023 को स्वामी विवेकानन्द जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं में चित्रकला , निबंध प्रतियोगिता के साथ–साथ एक रैली का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से प्रशिक्षुओं के तर्कशक्ति एवं सृजनात्मकता का विकास करने का प्रयास किया गया है। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तहसीन आलम कादरी ने कहा कि रैली के माध्यम से छात्र–छात्राओं मे जागरूकता एकता एवं सौहार्द बनाने पर बल दिया गया है, इससे फलतः समाज मे जागरूकता आयेगा। सहायक प्राध्यापक श्री सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि स्वामी जी से हम सभी को प्रेरणा लेनि चाहिए। उनके बताये मार्ग पर जीवन मे चलते रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षुओं की सहभागिता रही।





## कम्प्यूटर सर्टिफिकेट कोर्स 16.01.2023



आज दिनांक – 16.01.2023 को संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा कम्प्यूटर एप्लीकेशन पर एक सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया। यह कोर्स छात्रों के कंप्यूटर कौशल को बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया। यह छात्रों की प्रोफ़ाइल को बढ़ाने में भी मदद करता है। यह पाठ्यक्रम कम्प्यूटर शिक्षक श्री द्वारा संचालित किया गया। नंद किशोर. इस कोर्स में थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों कक्षाएं संचालित की गईं. विद्यार्थियों को अभ्यास के लिए पर्याप्त समय दिया गया। पाठ्यक्रम में निम्नलिखित शामिल है –



- Introduction
- Objectives
- Excel Basics
- Commands and Resource in Excel Window
- Creating a New Workbook
- Data formatting
- Using cell references

## Certificate course in English Language



Today on 16$^{th}$ of January 2023, a certificate course on English language has been organized by the institute. The course has been successfully conducted by Mr. Hasan Abad the faculty of English. The aim of this course was to provide understanding of English language and to develop the skills necessary for their effective communication and writing. Since,most of the students come from ethnic background, it has helped the students to enhance their English speaking and writing skills. Our language lab has been used to improve the pronunciation of words. Our English faculty has played a good role to improve communication skills among students. A small trial was conducted to check the effectiveness of the course. All students who has taken the course were given a certificate of appreciation for this course to move forward and encouraged them to be ready for such useful courses provided by this institution time to time.



### सुभाष चन्द्र बोस जयंति



संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में. दिनांक 23.01.2023 को सुभाष चन्द्र बोस जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने कविता, पोस्टर तथा सेल्फी प्रतियोगिता कराई गयी। सहायक प्राध्यापक श्री सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि इस जयंती को मनाने का उद्देशय प्रशिक्षुओं में देश भक्ति की भावना का विकास करना है।साथ ही देश के लोगों को सुभाष चन्द्र बोस के देश के लिए योगदान को याद करना है। छात्रों मे देश भक्ति एवं एकता की भवना का विकास करना है। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने कहा कि भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया''जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा'' का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। भारतवासी उन्हें नेता जी के नाम से सम्बोधित करते हैं।



प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि भारतीय इतिहास में सुभाष चन्द्र बोस सबसे महान व्यक्ति और बहादुर स्वतंत्रता सेनानी थे। भारत के इतिहास में स्वतंत्रता संघर्ष के लिए दिया गया उनका महान भोगदान अविस्मरणीय है। वो वास्तव मे भारत के एक सच्चे बहादुर हीरो थे जिसने अपनी मातृभूमि की खातिर अपना घर और आराम त्याग दिया था।

### Yoga for Stress Management



Today,most of the people are having problem of stress. There would be many reasons for this such as work load, financial issues, personal or family related issues. To get relief from this major problem, yoga can be taken to improve mental health and peace. Here we will do most of the useful and effective Asanas if we do even for just 10 minutes every day, we will feel relieved and relax from stress.



Few Asanas are as follow to do : -

(a) Surya – Namaskar
(b) Vajra – asana
(c) Vira – asana
(d) Naga – asana

## Shahid Diwas



In our prestigious institution St.Paul Teachers' Training college Birsinghpur, has organized Shahid Diwas on 14th February 2023 under the guidance of the principal to pay tribute to the martyrs of Pulwama attack that had happened on 14th February 2019. A flag march was taken out from the college to different rural areas i.e. Pusa, Mahmada for brave soldiers who were died on the attack.



This march procession was taken out to show our feelings towards them and for the nation too. Students were chanting slogans. After the procession they all returned to the college by chanting the slogans. Our principal mam has introduced us and concluded the programme.




## फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान



आज दिनांक – 17.02.2023 को संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में फाइलेरिया दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी, तहसीन आलम कादरी जी के द्वारा दवा सेवन कराने की पद्धति के बारे में बताया गया। साथ ही दवा सेवन से होने वाले लाभ, फाईलेरिया तथा कृमि संक्रमण से बचाव तथा बीमारी से होने वाली जटिलताओं के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर शहरी कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा समीक्षा लेते हुए समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रगति के बारे में जानकारी दी गयी और इसके साथ ही सामाज को जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के न्यूज लेटर समन्वयक , सह–समन्वयक सदस्यों कर्मचारी एवं सभी छात्र – छात्राओं ने भाग लिया।



## कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम



आज दिनांक – 24.02.2023 को महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षुओं को शिक्षण में करियर के बारे में शिक्षित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर के. एस. आर. कॉलेज के प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार को आमंत्रित किया, उन्होंने पहले भी कैरियर मार्गदर्शन पर कई कार्यशालाएँ आयोजित किया था।

प्रो. कुमार ने बी.एड. के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में बात की। छात्र. उनके अनुसार बी.एड के बाद. छात्र न केवल शिक्षण के लिए जाते हैं बल्कि वे शैक्षिक परामर्शदाता भी बन सकते हैं। शैक्षिक परामर्शदाता की भूमिका शैक्षणिक समस्याओं से निपटने वाले छात्रों का मार्गदर्शन करना है। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षण सबसे महान पेशा है और इसमें बहुत सम्मान मिलती है। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं प्रशिक्षुओं ने शामिल हुआ।




## यौन उत्पीड़न पर जागरूकता कार्यक्रम



संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में दिनांक– 24.02.2023 को यौन उत्पीड़न कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय में जागरूकता पैदा करने के लिए के.एस.आर. कॉलेज, समस्तीपुर की प्रोफेसर वर्षाकुमारी ने छात्रों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, इसकी रोकथाम और हमारे पास उपलब्ध निवारण तंत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रायार्चा डॉ0 रोली द्विवेदी, प्राध्यापक श्री सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी, श्री मनोज कुमार , एस.एम. तहसीन आलम कादरी , शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं सभी प्रशिक्षुअ ने भाग लिया।





## विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

दिनांक 28 02 2023 को महाविद्यालय में विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रशिक्षकों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि एवं वैज्ञानिक अभिवृत्ति के विकास के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इन प्रशिक्षकों को विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के शिक्षक श्री एस तहसील तहसील आलम कादरी तथा वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक श्री मनोज कुमार ने प्रेरित किया तथा विज्ञान से संबंधित मॉडल इत्यादि बनाने में सहयोग एवं मार्गदर्शन किया इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रदर्शित किया इस मौके पर प्रशिक्षकों को विज्ञान शिक्षक सरिता सिंह आलम कादरी ने संबोधित किया उन्होंने जीवन में विज्ञान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि विज्ञान के बिना जीवन जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है श्री मनोज कुमार ने भी संबोधन किया और कहा कि आज हम लोग जो भी भौतिक सुख प्राप्त कर रहे हैं वह विज्ञान की देन है विज्ञान विषय के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर होली दुबे जी ने इस भव्य आयोजन के लिए सभी विज्ञान शिक्षकों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया तथा प्रशिक्षकों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उनका हृदय से धन्यवाद किया तथा प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले प्रशिक्षकों को पुरस्कृत भी किया



## पुरातन मिलन समारोह




दिनांक – 12.03.2023 को महाविद्यालय में पुरातन समिति के छात्र /छात्राओं द्वारा पुरातन छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पुरातन मिलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्या डॉ0 रोली द्विवेदी एवं अन्य सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सचिव, प्राचार्या एवं अन्य सहायक प्राध्यापकों द्वारा सफलता के लिए शुभाशिष दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्या एवं सहायक प्राध्यापकों द्वारा पुरातन छात्र/छात्राओं को पुरातन मिलन समारोह – 2023 का पट्टा से स्वागत किया गया। विभिन्न पुरातन छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यलयों के कार्य संस्कृति, अपने–अपने अनुभवों एवं वास्तविक उपलब्धि से अवगत कराया गया।







## Two day National Seminar



St. Paul Teachers' Training College Birsinghpur had organized a two day "National Seminar" on 05th and 06th April 2023 on the topic "Educational Transformation Crisis Resilience and Opportunities". On the first day of the inaugural session, our chief patron Honorable Vice Chancellor LNMU Darbhanga , had given a speech on the topic. He mentioned about the challenges in higher education and appreciated our organizing committee for choosing it. He delivered his views and ideas that made significant changes which are taking place in our education system and challenges and opportunities lies ahead. The Registrar of LNMU Dr. Mushtaq Ahmad had also focused on the changes for which NEP-2020 has brought. "Changing is the rule of nature" thus we all should accept the changes. On the second day, Our key note Speaker Prof. Khagendra Kumar, Dean of Faculty Education, Patna University had delivered important and useful views.



Technical session day two had started in which participants presented their thoughts and views as per the topic. After Technical session of the day two, Valedictory session had started where Dr. Vinay Choudhary, Member of Legislative Assembly discussed about how the society had changed recently. He also spoke that a good teacher should also be a good citizen of the nation.





## श्री अन्न जागरूकता कार्यक्रम 20.04.2023

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में मोटा अनाज के उपयोग पर रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री नरेन्द्र कुमार, श्री श्याम किशोर सिंह , श्री आदित्य प्रकाश , श्री नन्दे कुमार ठाकुर , शिक्षकेत्तर कर्मचारी सूरज कुमार एव ंबी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने झहुरी , बालापुर, वीरसिहपुर आदि गॉव मे जाकर मोटा अनाज के उपयोग एवं उसके फायदे के संदर्भ में लोगों के बीच रैली के माध्यम से जानकारी दिया।






# News Cliping

## नयी शिक्षा नीति भावी पीढ़ी के लिए उपयोगी



## प्रशिक्षु शिक्षकों को दिये गये योग के टिप्स



प्रशिक्षण लेती युवतियां.

**कल्याणपुर.** सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रशिक्षु शिक्षक जिसमें डीएलएड डीएलएड पाठ कर पाठ्यक्रम के सभी छात्र छात्राएं ने भाग लिया.यह कार्यक्रम आगामी छः दिनों तक चलेगी . जिसमें योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है. ताकि आने वाले समय में खुद स्वस्थ रहने के साथ-साथ शिक्षक बनने पर बच्चों को भी इसका लाभ मिल सके. इस बाबत महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार का बताना है. कि महाविद्यालय प्रत्येक वर्ष प्रशिक्षु शिक्षकों को छह दिवसीय योग कैंप लगाकर इसके बारे में विस्तृत जानकारी दिलाती है. ताकि जीवन में इसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को भी मिल सके. मौके पर महाविद्यालय परिवार के शिक्षक प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी, शिक्षक डॉक्टर ए के सिंह, कुमार सौरभ, सहित महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक व कर्मी भी उपस्थित रहे. यह प्रशिक्षण का आयोजन पतंजलि योगपीठ हरिद्वार हरिद्वार के द्वारा ...

## मानवाधिकार की रक्षा के लिए विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला



## कैंपस

## सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में नई शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला




कार्यशाला का उद्घाटन करते अतिथि.

**प्रतिनिधि, कल्याणपुर**

सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज पर बुधवार को नई शिक्षा नीति को लेकर कार्यशाला हुई. इसमें पहुंचे शिक्षाविदों ने अपने विचार प्रकट करते हुए नई शिक्षा नीति प्रकाश डाला. कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सा प्राचार्य डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, डॉ अशोक महतो, डॉ. मुनेश्वर प्रसाद यादव व महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि प्रज्वलित कर किया. प्राचार्य श्री त्रिपाठी ने बताया कि सरकार की सोच को आमजन तक पहुंचाने का सबसे समुचित माध्यम शिक्षक ही हैं. शिक्षक बनने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की भूमिका अहम है. मौके पर प्रशिक्षु शिक्षकों का प्रशिक्षण के उपरांत नई शिक्षा नीति के माध्यम से बच्चों को कौशल विकास पर आमूलचूल परिवर्तन के लिए महती जवाबदेही होने की बात कही. डॉ अशोक महतो, डॉ मुनेश्वर प्रसाद यादव, सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी अहम ने भी अपने विचार रखे.

## प्रशिक्षु शिक्षकों को कैंसर से बचाव के दिये गये टिप्स



प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल प्रशिक्षु .

**कल्याणपुर.** वीरसिंहपुर स्थित सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षु डीएलएड शिक्षकों को टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर ने सोमवार को प्रशिक्षण दिया. इसमें कैंसर से बचाव के लिए लोगों की जीवनशैली के साथ-साथ जीवन के विभिन्न बदलावों की भी जानकारी दी गयी. मुख, स्तन व यूट्रस कैंसर की चर्चा कर बचाव को ले जागरूक करने की जवाबदेही प्रशिक्षुओं को दी गयी. डॉक्टर ने बताया कि अगर लोग जगे रहें तो 70 से 80 फीसदी कैंसर की समस्या से बच सकते हैं. डॉ नेहा, डॉ. खुशबू एवं नर्स निशा व खुशबू ने विभिन्न कैंसर की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि बिहार में मुख कैंसर, स्तन कैंसर और यूट्रस कैंसर से ज्यादा मृत्यु होती है. अगर जागरूक रहें तो इससे बचाव हो सकता है. कार्यशाला में प्रशिक्षु अभिलाषा कुमारी एवं राजा कुमार ने कैंसर से संबंधित डॉक्टर से कई प्रश्न किये. प्रधानाचार्य डॉ रोली द्विवेदी एवं विभागाध्यक्ष डा एपी सिंह ने भी अपने विचार रखे. इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी के साथ-साथ सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे.

## सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में हुआ सत्रारंभ



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि • जागरण

**समस्तीपुर,वि.:** सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, बिरसिंहपुर में बीएड सत्र (2023-2025) का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय के सचिव ... कुमार, प्राचार्य डा. रोली द्विवेदी एवं डीएलएड के विभागाध्यक्ष डा. एपी ... ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने नव-प्रशिक्षु शिक्षकों का स्वागत किया। प्राचार्य डा. रोली द्विवेदी ने महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों के आलोक में नव-प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपका जितना सर्वांगीण विकास होगा, उतना ही विद्यार्थियों का विकास कर सकेंगे। सहायक प्राध्यापक आदित्य प्रकाश व सुरेंद्र प्रसाद चौधरी ने सत्र का संचालन किया।

## दैनिक भास्कर — समस्तीपुर भास्कर

मुजफ्फरपुर, रविवार, 11 दिसंबर, 2022 | 16

11-12-2022

## संकटों को रोकना हर नागरिक का दायित्व

